Toppersnotes®
Unleash the topper in you

RPSC

FOOD SAFETY OFFICER

राजस्थान लोक सेवा आयोग

भाग – 4

सम्बंधित विषय - 3

SIERRA INNOVATIONS

RAJASTHAN FOOD SAFETY OFFICER

क्र.सं.	अध्याय	पृष्ठ सं.
	इकाई – 5	
1.	आनुवांशिक रूप से संशोधित पौधे और जानवर	1
2.	पादप ऊतक संवर्धन	3
3.	पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी– प्रदूषक	7
4.	जैव आवर्धन	9
5.	सांख्यिकीय विश्लेषण	13
	इकाई – 6	
1.	मृदा विज्ञान	71
2.	मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता	86
3.	राजस्थान की मृदाएँ एवं समस्याग्रस्त मृदाएँ	89
4.	बीज उत्पादन, शुष्क खेती एवं फसल चक्र	94
5.	फसल उत्पादन	108
6.	मसाले वाली फसले	131
7.	कद्दू वर्गीय सब्जिया	142
	इकाई – 7	
1.	पशुपालन	157
2.	पशुधन नस्लें	164
3.	मुर्गीपालन उद्योग	182
4.	पशुधन बीमारियाँ	190
5.	दुग्ध विज्ञान	203
	इकाई – 8	
1.	भारत और राजस्थान में खाद्य प्रौद्योगिकी की वर्तमान स्थिति	214
2.	भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का अनुभागवार मूल्यांकन	215
3.	रासायनिक खाद्य परिरक्षक	220
4.	स्क्वैश, जेली, सॉस, अचार आदि जैसे प्रसंस्कृत उत्पादों के लिए प्रौद्योगिकी	223
5.	खाद्य पैकेजिंग	225
6.	पाठ्यक्रम खाद्य कानूनों में विषय	233
7.	PFA अधिनियम और नियम, FSSAI, Agmark	237
8.	स्वच्छता (Hygiene and Sanitation), GMP, GLP	239

प्रिय विद्यार्थी, टॉपर्सनोट्स चुनने के लिए धन्यवाद।

नोट्स में दिए गए QR कोड्स को स्कैन करने लिए टॉपर्स नोट्स ऐप डाउनलोड करे ।

ऐप डाउनलोड करने के लिए दिशा निर्देश देखे :-

ऐप इनस्टॉल करने के लिए आप अपने मोबाइल फ़ोन के कैमरा से या गूगल लेंस से QR स्कैन करें ।

टॉपर्सनोट्स एग्जाम प्रिपरेशन ऐप



टॉपर्सनोट्स ऐप डाउनलोड करें गूगल प्ले स्टोर से ।



लॉग इन करने के लिए अपना **मोबाइल नंबर** दर्ज करें ।



अपनी **परीक्षा श्रेणी** चुनें ।

सर्च बटन पर क्लिक करें ।



SCAN QR पर क्लिक करें ।

किताब के **QR कोड को स्कैन** करें ।

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए
hello@toppersnotes.com पर मेल करें
या **766 56 41 122** पर whatsapp करें ।

आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव (GMOs/ Genetically Modified Organisms) -

जब किसी भी जीव को उसके जीन में परिवर्तन (जीन अल्टेरेसन) करके उसका विकास किया जाता है, उसे Genetically modified organism कहते हैं।

जैसे Bt कपास, Bt टमाटर, रोजी गाय, चूहे आदि। (Bt Stands for Bacillus thuringiensis and type of bacterial)

आपको पता ही होगा जब भी किसी नई मेडिसिन (दवा) की खोज की जाती है तो उसे चूहों और बंदरों पर प्रयोग करने के बाद अच्छी तरह से रिसर्च करने के बाद ही वैज्ञानिकों के द्वारा हम लोगो को प्रयोग करने के लिए दिया जाता है।

वैज्ञानिकों के द्वारा खोजे गए दवाइयों को रिसर्च करने के लिए की दवा कई में काम करती है की नहीं। यह चेक करने के लिए चूहों को जीएमओ के द्वारा लैब में विकसित किया जाता है।

अब से कुछ साल पहले छोटे-छोटे टमाटर, कपास, बैंगन आदि और भी प्रकार की सब्जियों पर प्रयोग किये जाते थे लेकिन अब जीएमओ (GMO) प्रोडक्ट्स के द्वारा बड़े-बड़े टमाटर, कपास आदि उगाई जाती है।

Transgenic Animals (ट्रांसजेनिक जंतु) -

आनुवंशिक रूप से रूपांतरित जीव जिसे जीन अल्टेरेसन के द्वारा प्राप्त किया जाता है, उसे ट्रांसजेनिक जंतु कहते हैं।

ट्रांसजेनिक जंतु या जीएमओ के फायदे या उपयोग

- किसी भी दवा या वैक्सीन के जाँच में ट्रांसजेनिक जंतु का प्रयोग किया जाता है।
- कीटरोधी फसलों का निर्माण किया जाता है।
- विटामिनयुक्त फसल विकसित किया जाता है।
- उपयोगी वैय उत्पाद बनाया जाता है।

हाल ही में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (Food Safety and Standards Authority of India FSSAI) द्वारा जारी आदेश में भारत में आयातित खाद्य फसलों में आनुवंशिक रूप से संशोधित जीएमओ (Genetically Modified Organisms GMO) की सीमा को 1% निर्धारित कर दिया गया है।

- इससे पहले अगस्त 2020 में FSSAI द्वारा जारी आदेश में देश में आयातित 24 खाद्य फसलों हेतु एक सक्षम प्राधिकारी (Competent Authority) द्वारा गैर-जीएम सह जीएम मुक्त प्रमाण पत्र (Non-GM-Origin-cum-GM-free Certificate) की आवश्यकता पर बल दिया गया।
- ये जीवित जीव होते हैं जिनमें विद्यमान आनुवंशिक पदार्थ को प्रयोगशाला में कृत्रिम रूप से आनुवंशिक इंजीनियरिंग का प्रयोग करके परिवर्तित किया गया है।
- इसमें पौधे, जानवर बैक्टीरिया और वायरस के जीन के समुच्चय (Combinations) का निर्माण किया जाता है, यह कार्य पारंपरिक क्रॉसब्रिडिग विधियों (Traditional Crossbreeding Methods) के माध्यम से नहीं होता है।
- पारंपरिक पादप प्रजनन (Conventional Plant Breeding) में माता-पिता दोनों के वांछित लक्षणों (Desired Traits) के साथ संतति (Offspring) हेतु एक ही जीन की प्रजातियों का संकरण (Crossing) कराया जाता है।
    - वंश/जींस संबंधित जातियों (स्पीशीज) का एक समूह होता है। एक वंश में कई स्पीशीज हो सकते हैं जिनके लक्षण गुण अथवा विशेषताएँ समान होती हैं।
- बीटी कपास (Bt Cotton) भारत में एकमात्र आनुवंशिक रूप से संशोधित (Genetically Modified-GM) फसल है। बेसिलस थुरिननेनेसिस (Bacillus thuringiensis - Bt) जीवाणु मृदा में विद्यमान एक विदेशी जीन है जो बीटी कपास को सामान्य कीट पिंक बॉलवर्ग (Pink Bollworm) से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक विषाक्त प्रोटीन का पादप करता है।
- दूसरी ओर हर्बिसाइड टोलरेट पीटी (एचटी बीटी) (Herbicide Tolerant Ht Bt) को मृदा में पाए जाने वाले एक अन्य जीवाणु को प्रविष्ट करके प्राप्त किया जाता है जो स्त्राव को सामान्य हर्बिसाइड ग्लाइफोसेट का विरोध करने में सक्षम बनाता है।
- बीटी बैंगन में प्रविष्ट जीन पौधे के फल और शाखाओं को क्षति पहुँचाने वाले छेदक कीटो (Shoot Borers) के हमलों का विरोध करने में सक्षम बनता है।
- DMH-11 सरसों में आनुवंशिक संशोधन स्वपरागण (Self-Pollinates) के स्थान पर परपरागण (Cross-Pollination) की अनुमति प्रदान करता है।

ट्रांसजेनिक पादप

1. ट्रांसजेनिक पादपों का परिचय (Introduction to Transgenic Plants)
2. ट्रांसजेनिक पादपों का उत्पादन (Production of Transgenic Plants)
3. उपयोग (Uses)

ट्रांसजेनिक पादपों का परिचय (Introduction to Transgenic Plants): जिन पादपों में किसी जय-प्रौद्योगिकीय विधि द्वारा क्रियात्मक विजातीय जीन प्रविष्ट कराया गया हो (जो किस साधारणतया उस पादप में उपस्थित नहीं होता), उन पादपों में ट्रांसजेनिक पादप कहा जाता है। वैसे आर्थिक महत्व वाले लक्षणों के लिए जीन्स का वहन करने वाले बहुत से पादप या तो वाणिज्यिक खेती में लगे है अथवा खेल परीक्षणों के अधीन है। ट्रांसजेनिक शब्द का उपयोग बाहरी जीन्स से युक्त जीवों के लिए किया जाता है। यह पौधे जो बाहरी जीन्स से युक्त होते है, ट्रांसजेनिक पौधे कहलाते हैं।

ट्रांसजेनिक पादपों का उत्पादन (Production of Transgenic Plants)

जिन पादपों में किसी जैव-प्रौद्योगिकीय विधि द्वारा क्रियात्मक विजातीय जीन प्रविष्ट कराया गया हो (जो किस साधारणतया उस पादप में उपस्थित नहीं होता), उन पादपो को ट्रांसजेनिक पादप कहा जाता है।

वैसे आर्थिक महत्व वाले लक्षणों के लिए जीन्स का वहन करने वाले बहुत से पादप या तो वाणिज्यिक खेती में लगे है अथवा खेल परीक्षणों के अधीन है। ट्रांसजेनिक शब्द का उपयोग बाहरी जीन्स में युक्त जीवो के लिए किया जाता है। यह पौधे जो बाहरी जीन्स से युक्त होते हैं ट्रांसजेनिक पौधे कहलाते है ।

जीन स्थानांतरण में अनेक विधियाँ प्रयुक्त है।

इनमें सम्मिलित है

(i) विद्युतकरण (इलैक्ट्रोपोरेशेन),
(ii) पार्टिका बम्बबाडमेंट
(iii) माइक्रो इन्जेक्शन
(iv) एग्रोबैक्टीरियल मेडिटेड जीन स्थानांतरण,

(v) को-कल्टिवेशन (प्रोटोप्लास्ट ट्रांसफॉर्मेशन) विधि,
(vi) लीफ डिस्क रूपांतरण विधि,
(vii) वायरस मीडियेटेड रूपांतरण
(vii) पॉलेन-मीडियेटेड रूपांतरण,
(ix) लिपोसोम-मीडियेटेड रूपांतरण इत्यादि ।

ट्रांसजेनिक पादपों के उत्पादन हेतु अपनायी जाने वाली साधारण विधि निम्नानुसार है -

(i) कृषि अर्थशास्त्र के लिए महत्वपूर्ण जीन्स का स्थिति निर्धारण पहचान एवं विलगन ।
(ii) उपयुक्त पादप रूपांतरण वेक्टर का चयन ।
(iii) अलग किये गये जीन से वेक्टर से जोड़ना ।
(iv) विभिन्न वेक्टर स्थानांतरण युक्तियों का प्रयोग करते हुए पादप प्रोटोप्लास्ट्स कोशिका अथवा ऊतकों में रूपांतरित वेक्टर का प्रवेश ।
(v) उपयुक्त कल्चर मीडियम पर आनुवंशिकतः रूपांतरित पादपों में रूपांतरित कोशिकाओं का कल्चर एवं विभेदन ।
(vi) जैवरसायनों की प्राप्ति के लिए आनुवंशिकतः अभियांत्रिक कोशिकाओं के कल्चर्स को असीमित काल तक अनुरक्षित रखना होता है।
(vii) आण्विक युक्तियों की सहायता से ट्रांसजेनिक पादप में विजातीय जीन्स के समाकलन व अभिव्यक्ति का निरूपण (प्रदर्शन)।
(vii) ट्रांस्जेनिक पादप की खेती।

ट्रांसजेनिक पादपों के उपयोग (Uses of Transgenic Plants) -

निम्न हेतु ट्रांसजेनिक पादप उत्पादित किये जाते है -

(a) रोग-प्रतिरोध (वायरल, बैक्टीरियल व फंगल पैथोजेन्स के विरुद्ध), पीडक -प्रतिरोधी (निमेटोडस, कीटो इत्यादि के विरुद्ध), शाकनाशियों व अन्य पीडकनाशियों के प्रति साह्यत्व (सहनशीलता)
(b) भारी धातु लवणीयता, उच्च या निम्न (शीत) तापक्रम ब: सूखा इत्यादि जैसी- प्रतिकूल पर्यावरणीय स्थितियों के प्रति साह्यत्व (सहनशीलता)।
(c) पुष्प वर्ण (फूल के रंग) का रूपांतरण ।
(d) पुष्पों, फलों एवं शाक-भाजियों की संग्रहण-अवधि बढ़ाना।
(e) इन्स्युलिन, इंटरफेरॉन्स, हॉर्मोन्स, ब्लड क्लोटिंग फैक्टर्स इत्यादि जैसे- भैषज दृष्टि से महत्वपूर्ण यौगिकों का उत्पादन ।
(f) केला व टमाटर जैसे सामान्यतः खाद्य पदार्थों में टीकों व प्रतिरक्षियों का उत्पादन ।
(g) बैक्टीरिया से धान्यो व अन्य फसलों में nif जीन्स का स्थानांतरण । उपयोगी लक्षणों वाली ट्रांसजेनिक फसलों को उत्पन्न किया जा सकता है। **उदाहरणार्थ** बैसिलस थुरिन्जिएन्सिस से कीटनाशी प्रोटीन के लिए कोडिंग जीन को कपास के पौधे में स्थानांतरित किया जा चुका है। यह ट्रांस्जेनिक कपास पौधा आनुवंशिकतः रूपांतरित कपास Bt कहलाता है, जो कि ब्लेक वॉर्म से प्रतिरोधी है।

ट्रांसजेनिक GMO टमाटर को Flavr Savr कहा जाता है। इसकी शेल्फ लाइफ पकने की प्रक्रिया में विलंब के कारण पारंपरिक टमाटरों की अपेक्षा लंबी होती है। इसे कोशिका भिती को क्षय करने वाले एंजाइम पॉलीगेलेक्ट्यूरोनेस जो फल के मुलायम होने के करण है कि मात्रा में कमी करके प्राप्त किया जाता है।

भारत में GM फसलों की कानूनी स्थिति -

भारत में आनुवंशिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (Genetic Engineering Appraisal Committee- GEAC) शीर्ष निकाय है जो GM फसलों के वाणिज्यिक उत्पादन की अनुमति प्रदान करती है।
पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत बिना अनुमोदन के GM संस्करण (GM Version) का उपयोग करने पर 5 वर्ष की जेल तथा एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।
आयातित फसलों का विनियमन -
आयातित उपभोग सामग्रियों में GMO के स्तर को विनियमित करने का कार्य शुरू में जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (Genetic Engineering Appraisal Committee- GEAC) द्वारा किया जाता था। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2008 के अधिनियमन के साथ ही इसकी भूमिका को कम कर दिया गया तथा FSSAI को आयातित सामग्रियों को मंजूरी प्रदान करने के लिये कहा गया।

पादप ऊतक संवर्धन (PTC)

- यह Totipotency की घटना पर आधारित घटना हैं।
- खोज – Haber Landt वैज्ञानिक ने
- तात्पर्य – Cells में विभाजन तथा विभेदन की क्षमता को Totipotency कहते हैं।
- यह जन्तुओं में केवल भ्रूणीय अवस्था में पाई जाती हैं अर्थात् भ्रूणीय अवस्था के बाद Cell में केवल विभाजन की क्षमता होती हैं। यह विभेदन नहीं करती हैं अतः इस घटना को Pieuropotency कहते हैं।

Tissue Culture Technique

प्रयोगशाला सुविधा : निर्जलीकरण उपकरण

(i) Laminar airllow

(ii) ओटोक्लेव उपकरण – पोषक माध्यम का निर्जलीकरण, उपकरण एवं ग्लास के समान का निर्जलीकरण करते हैं। शर्त

$120 - 120^0C$ ताप पर $15 - 20$ मीनट तक

$15\ P\ SI - 15 - 20$ मीनट तक

(iii) Ovan : केवल उपकरणो का निर्जलीकरण करते हैं। अर्थात् इसमें शुष्क निर्जलीकरण करते हैं।

Culture Chamber

- नियमित वातावरण के कोश को Culture Chamber कहते हैं।
- ताप – 25 ± 2^0C होनी चाहिए।
- आर्द्रता – 60% , प्रकाश 340 Lux
- **पोषक माध्यम :** विभिन्न प्रकार के पोषक पदार्थो का मिश्रण जो पादप की वृद्धि एवं विकास के लिये आवश्यक होता हैं पौषक माध्यम कहलाता हैं।
- Note – पौषक माध्यम में पोषक तत्त्प एक निश्चित अनुपात में लिये जाते हैं।
- पोषक माध्यम अलग–अलग वैज्ञानिको के द्वारा अलग–अलग रेसीपी या Protocol के अनुसार बनाया जाता हैं।
  - Ex. MS Medium,
  - B5 Medium
  - Gamborg Mediu,
  - Nitch Medium
  - White Medium
- सबसे आधारभूत माध्यम – MS Medium – Murashique & Skoog

पोषक माध्यम के घटक

अकार्बनिक घटक – इसकी आपूर्ति विभिन्न प्रकार के लक्षण से की जाती हैं।

$Ex.-$ K^+, Na^+, KNO_s, HNO_3 etc.

कार्बनिक घटक

- इनकी आपूर्ति Vitamin के द्वारा होती हैं।

Example: - Nicotinic Acid,
Thymine ACl
Ascorbic Acid,

- कार्बन स्त्रोत – Sugar के रूप में
- फ्रक्टोज
- हार्मोन – ऑक्सिन, साइटोकाइनीन का उपयोग करते हैं।
- Solidifying Agent – 1 लीटर पौषक माध्यम बनाने के लिए
- 1 X - Agae का उपयोग करते हैं।
- PH = Mismedium PA=5.8
- पौषक माध्यम का निर्जलीकरण ऑटोक्लेव द्वारा करते हैं।
- ताप – 120 – 120^0C 15-20 मिनट तथा दाब 15 PSI मीनट पर करते हैं।
- Explant (कृतोतक) – पादप या ऊतको का वह खण्ड जो ऊतक संवर्धन की क्रिया में ऊतक स्त्रोत का कार्य करता हैं। Explant कहलाता हैं।
  Ex. Root Segment, Stem Segment, Leaf Segment, Nocal Segment Etc.
- Explant का निर्जलीकरण : Surface Sterilization होता हैं।
- Alcohol, Naocl – 4-5%,
- 1+g cl2 – 01-1%
- Explant के निर्जलीकरण करने के पश्चात् इसे निर्जलीकृत आजूत जल से Wash धोकर निर्जलीकृत Condition मे रखा जाता हैं।



1. Imoculation (Ex-Plant रोपण) – निर्जलीकृत Explant को पोषक माध्यम पर लगाने की प्रक्रिया को Innoculation कहते हैं।
   - Froliteration - Explant Cell में विभाजन के द्वारा नये ऊतक निर्माण कि क्रिया को प्रफूल्लन कहते हैं।
   - Callus :- अविवेधित तथा असंगठीत Cell के समूह को Callus कहते हैं।
   - Cllus का ऊतक स्त्रोत के रूप में उपयोग करके विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार किये जाते हैं।

   जैसे : See. Metobolitcs – Ex- Shiconine
2. Biotransformation – Cullus Cuture के दौरान पोषक माध्यम में विभिन्न प्रकार के पूर्वगामी पदार्थो को मिलाकर Callus के उत्पक्ष में रूपान्तरित किया जा सकता हैं।
3. Elicitation (उत्पाद बढ़ाना) – Callus Culture के दौरान Callus माध्यम में उत्पाद बढ़ाने वाले पदार्थो को डाला जाता हैं जिससे उपापचय दर व उत्पाद बढ़ जाते हैं।
4. Plant Regenaration :- पादप ऊतक के द्वारा नये पादप का निर्माण करना।
5. Sometic Embryogenesis द्वारा – Tissup Culture विधि से Callus को Embryogenic पौषक माध्यम पर स्थानान्तरित

करके उसमें Heart Shape या Torpldo आकृति के भ्रूण का निर्माण Sometic Embryogenesis कहलाता हैं।

6. इन Sometic Embryo को अंकुरित करवा कर नये पादप का निर्माण किया जा सकता हैं।

कृत्रिम बीज निमार्ण

Synthetic Seed – Sometic Embryo को कृत्रिम आवरण में आवरित करके तैयार की जाने वाली संरचना को संश्लेषित या कृत्रिम बीज कहते हैं।



- कृत्रिम बीज का निर्माण बीरहीत पादपों मे किया जाता हैं।
- कृत्रिम बीज से जीवद्रव्य का संरक्षण किया जाता हैं।
- कृत्रिम बीज अंकुरण से नये पादपो का निर्माण किया जाता हैं।

7. Organogenesis (अंग निर्माण के द्वारा नये पादप का निर्माण)
   Cellogenesis – Shoot formation
   Rhizogenesis – Root formation
8. कठोरता एवं अनुकूलन उत्पन्न करना : Tissue Culture विधि से तैयार किये गये Plantlet को नियंत्रित वातावरण में रखा जाता हैं इसे धीरे–धीरे प्रतिकूल परिस्थितियाँ दि जाती हैं जिससे अनुकूलन एवं कठोरता उत्पन्न होती हैं। इसके पश्चात् पादप को फील्ड में स्थानान्तरित किया जा सकता हैं।

Type of Tissue Culture

पोषक माध्यम के आधार पर दो प्रकार के होते हैं।

Static Culture

अगार युक्त अर्द्ध ठोस माध्यम पर संवर्धन करने की प्रक्रिया को Static Culture कहते हैं।

Suspension Culture

तरल पोषक माध्यम में अर्थात् अगार रहित माध्यम में ऊतक संवर्धन की क्रिया को Suspension Culture कहते हैं।
Suspension Culture को Rotate करना आवश्यक हैं।
Rotate के तीन उद्देश्य हैं।

1. अवसादन रोकने हेतू
2. वातन के लिये
3. ऊतक गुच्छो को तोड़ने के लिये।

Ex. Plant के आधार पर Tissue Culture के प्रकार

(1) Organ/Callus Culture – पादप के किसी भी भाग का उपयोग Ex.Plant के रूप में किया जा सकता हैं और इससे Callus निर्माण किया जा सकता हैं।

(2) Anthar/Pollen Culture – इसमें Anthor या Pollen का उपयोग Ex-Plant के रूप में करते हैं।

- Anthor Culture के द्वारा, अगुणित, द्विगुणित व बहुगुणित सभी प्रकार के पादप प्राप्त कर सकते हैं।
- Pollen Culture के द्वारा तैयार पादपो को Androgenic haploid कहते हैं।
- अगुणित पादप के लिये Pollen Culture किया भात में तो Guha & Maheswani तथा विश्व में Shimakura ने।
- Pollen Culture के द्वारा समयुग्मजी द्विगुणीत पादप तैयार किये जा सकते हैं। इनका उपयोग आनुवंशिक अनुप्रयोग में किया जा सकता हैं।

Gyogenic Haploid

इसके लिये मादा की अण्डाशय या बीजाण्ड की अगुणीत Cells का उपयोग Explant के रूप में किया जाता हैं तथा इससे बनने वाले पादप को Gynogenic haploid कहते हैं।

Shoot tip या Meristem Culture

इसमें explant के रूप में Shoot Tip या Meristem का उपयोग करते हैं।

- इस संवर्धन क्रिया से वायरस फ्री पादप तैयार किये जाते हैं।

Embryo Culture

- अधिकसित भ्रूण की Cell या बीज की Cell का उपयोग Explant के रूप में करके भ्रूण का विकास करना Embryo Culture कहलाता हैं।
- Proto Plast Culture
- Protoplast Culture के लिए पहले
- Protoplast का पृथक्करण किया जाता हैं।
- Protoplast पृथक्करण के लिये Cell को पैक्टिनेज तथा सेलूलोज से उपचारित किया जाता हैं जिससे Cell wall का लयन हो जाता हैं और Protoplast पृथक्क हो जाता हैं।



Application of Tissue Culture

- Protoplast Fusin/Sometic Hybridization (कायिक संकरण)
- दो अलग–अलग जाती, किस्म या वंश के Protoplast को पृथक्क करके उसमें Fusion करवाने की प्रक्रिया को Protoplast Fusion या Sometic Harbridization कहते हैं। ex. Pomato

क्लोनिंग

- क्लोनिंग एक कोशिका के विभाजन एवं विभेदन से कोशिका समूह, ऊतक, अंग या सम्पूर्ण जीव के परिवर्धन की प्रक्रिया है। इस प्रकार की प्रक्रिया से उत्पाद के रूप में प्राप्त समस्त कोशिकाएँ एक समान जीनीय संरचना रखती है। ये कोशिकाएँ एक–दूसरे की पूर्ण प्रतिकृति होती है तथा इन्हें क्लोन कहा जाता है।



- वर्तमान में क्लोनिंग प्रक्रिया तीन महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखकर की जा रही है –

वयस्क डीएनए क्लोनिंग या सम्पूर्ण जीव क्लोनिंग

- इस प्रक्रिया के माध्यम से उपलब्ध जीव से उसी प्रकार की प्रतिकृति (Duplicate) बनाने का प्रयास किया जाता है।

भ्रूणीय क्लोनिंग (Embryo Cloning)

- इस प्रक्रिया के माध्यम से एकयुग्मनजी जुड़वाँ (Monozygotic twin) का परिवर्तन किया जाता है।

जैवचिकित्सकीय क्लोनिंग (Biomedical Cloning)

इस प्रक्रिया के माध्यम से कारक या उससे पहले की अवस्था के भ्रूण से पूर्ण शक्त कोशिका को अलग करके, उनका उपयोग विशेष प्रकार के ऊतक एवं अंगों के संवर्धन में किया जाता है जिन्हें पुनः व्यक्ति में प्रत्यारोपित किया जा सकता है।

क्लोनीकरण या कृंतकी (Cloning)

- एकल कोशिका के विभाजन से प्राप्त कोशिका समूह को क्लोन (Clone) कहा जाता है। क्लोन एक ग्रीक शब्द है जिसका तात्पर्य शाखा है, जैसे एक वृक्ष की सभी शाखाएँ समान होती है वैसे ही एक क्लोन की सभी कोशिकाएँ समान होती हैं। अतः क्लोन एक जनक (पिता या माता) से अलैंगिक जनन द्वारा प्राप्त प्रतिलिपि है जिन्हें संतति नहीं माना जा सकता, क्लोन बनने की प्रक्रिया को क्लोनिंग कहते हैं। प्रकृति में वे जीव जैसे – सूक्ष्मजीव एवं पादप जिनसे अलैंगिक जनन होता है, क्लोन बनाते हैं।
- विश्व की सर्वाधिक चर्चित भेड़ 'डॉली' (Dolly) एक क्लोन ही थी। क्लोनिंग कई समरूपी जीवों को उत्पन्न करने की विधि है। डॉली अपनी माँ की एक मात्र कोशिका से उत्पन्न की गई थी, उसका कोई पिता नहीं था, उसके आनुवांशिक लक्षण ठीक वही थे जो उसकी माँ के थे, क्योंकि वह एक जनकीय (Single Parent) संतान थी। सन् 1997 में स्कॉटलैण्ड के डॉ. इयान विल्मुट ने क्लोनिंग के द्वारा डॉली नामक प्रथम स्तनी क्लोन भेड़ को जन्म दिया।
- भारत सरकार पशुओं एवं अन्य प्राणियों में क्लोनीकरण को प्रोत्साहन देने के लिए शीघ्र कार्य पर जोर दे रही है। भारत सरकार की जैव प्रौद्योगिकी विभाग की प्रयोगशालाएँ इस दिशा में कार्यरत हैं। अन्य प्रमुख संस्थान हैं – प्रतिरक्षा विज्ञान राष्ट्रीय संस्थान (National Institute of Immunology) नई दिल्ली, कोशिकीय एवं आण्विक जीव विज्ञान केन्द्र (Centre for Cell and Molecular Biology) हैदराबाद आदि।

(Artificial Embryo Twining)

- क्लोन निर्माण का यह निम्न प्रौद्योगिकीय तरीका है जो जनन की प्राकृतिक प्रक्रिया का ही अनुसरण करता है लेकिन प्राकृतिक प्रक्रिया से भिन्न, यह प्रक्रिया माँ के गर्भ की जगह पेट्री डिश (Petri Dish) में पूरी की जाती है। पेट्री डिश में स्पर्म और अंडाणु के मिलने से विकसित भ्रूण कोशिकाओं को आरंभिक चरण में ही अलग कर लिया जाता है। इन भ्रूण कोशिकाओं को अल्प समय तक पेट्री डिश में विकसित होने के बाद सेरोगेट माँ के गर्भ में धारण कराया जाता है।
- एक ही निषेचित अंडे के विभाजन से जुड़वाँ बच्चों के विकसित होने के कारण वे दोनों आनुवांशिक रूप से समान होते हैं।

सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर (Somatic Cell Nuclear Transfer-SCNT)

- यह क्लोन तैयार करने की आधुनिक तकनीकी है। इसकी प्रक्रिया आर्टिफिशियल इम्ब्रियों ट्विनिंग से भिन्न होती है, परन्तु इसके द्वारा भी कोई जीव या क्लोन ही तैयार होता है। इसे 'न्यूक्लियर ट्रांसफर' भी कहते हैं।
- इस प्रक्रिया में कायिक कोशिका (Somatic Cell) का किसी जीव से निष्कासन कर, उसके केंद्रक को निकाल दिया जाता है। अंडाणु (Egg Cell) से केंद्रक एवं सभी DNA को निकाल कर उसमें कायिक कोशिका से निकाले गए केंद्रक को डाल दिया जाता है, जिससे यह ताजे निषेचित अंडे की तरह व्यवहार प्रदर्शित करने लगते हैं।
- निषेचन क्रिया प्रारंभ करने हेतु इन पर विद्युत तरंगें प्रवाहित की जाती हैं जिससे कोशिका विभाजन शुरू हो जाता है। इस प्रक्रिया के तहत पूर्ण अंडाणु को मादा के गर्भ में आरोपित कराकर समरूप क्लोन्स प्राप्त करते हैं।

क्लोनिंग के प्रकार

जीन क्लोनिंग या आणविक क्लोनिंग (Gene Cloning or Molecular Cloning)

इसके अंतर्गत पहले जीन अभियांत्रिकी का प्रयोग कर ट्रांसजेनिक सूक्ष्मजीव (यथा–ट्रांसजेनिक बैक्टीरिया) का निर्माण किया जाता है, फिर उचित वातावरण का निर्माण कर उस GM बैक्टीरिया के क्लोन प्राप्त किये जाते हैं। इनका उपयोग अनेक कार्यों जैसे – मानव उपयोगी प्रोटीन निर्माण (इंसुलिन) आदि में किया जाता है।

रिप्रोडक्टिव क्लोनिंग (Reproductive Cloning)

इसके अंतर्गत कायिक कोशिका स्थानांतरण तकनीकी या अन्य क्लोनिंग तकनीकों का उपयोग कर किसी जीव की प्रतिकृति तैयार की जाती है।

थिराप्यूटिक क्लोनिंग (Therapeutic Cloning)

- इसके अंतर्गत क्षतिग्रस्त ऊतकों या अंगों को स्थानांतरित करने या उनमें सुधार करने के लिए भ्रूणीय स्तंभ कोशिकाओं का उत्पादन किया जाता है।
- मनुष्य द्वारा निर्मित आनुवांशिक रूप से अभियंत्रित प्रथम जीवित जीव डॉली है।
- सर्वप्रथम 1996 में SCNT तकनीकी का प्रयोग कर डॉ. इयान विल्मुट और उनके सहयोगियों ने डॉली नामक भेड़ का क्लोन तैयार किया था।
- यह विश्व का प्रथम क्लोन जीव था जिसे वयस्क कायिक कोशिकाओं द्वारा स्तनधारी से विकसित किया गया था।
- इसे पारंपरिक क्लोनिंग तकनीकी द्वारा विकसित किया गया था न कि 'इन विट्रो फर्टिलाइजेशन' द्वारा। डॉली की मृत्यु 2003 में फेफड़ों की बीमारी के कारण हुई थी।
- नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट (NDRI), करनाल के वैज्ञानिकों ने 2009 में भैंस के प्रथम क्लोन 'समरूपा' एवं उसके बाद 'गरिमा' को विकसित किया। यहीं पर 2013 में क्लोन भैंस 'गरिमा II' (2010) ने 'महिमा' नामक मादा बच्चे को जन्म दिया।
- दुबई स्थित ऊँट प्रजनन केन्द्र में दुनिया की प्रथम मादा क्लोन ऊँट 'इनजॉज' को 2009 में विकसित किया था।
- क्लोनिंग के प्रयोग से आनुवांशिक विविधता के संकीर्ण होने का खतरा है, जिससे उद्विकास (Evolution) की प्रक्रिया बाधित हो सकती है।

सूक्ष्मजीवी क्लोनीकरण

अनुवांशिक अभियान्त्रिकी द्वारा रूपान्तरित सूक्ष्मजीवों के कई उपयोग हैं जैसे – ई. कीलाई, मानव इन्सुलिन मानव वृद्धिकारक एवं इन्टरफेरोन के उत्पादन में उपयोगी है जबकि जीवाणु राइजोबियम मेलीलोटाई, नाइट्रोजन स्थिरीकरण हेतु फसलों में 'निफ' जीन के समावेश में सहायक है।

पादक क्लोनीकरण (Plant Cloning)

सुन्दर पुष्प उत्पादन करने वाले बहुत से आर्किड क्लोन पादप होते हैं। वैज्ञानिकों ने आनुवांशिक आभियांत्रिकी द्वारा फसलों को उन्नत बनाया है। जीन हेर–फेर के द्वारा ऐसे खाद्य भी तैयार किये जा सकते हैं जिनमें चाहे गये गुणों (Desired characters) का समावेश हो, ऐसे खाद्य को आनुवांशिक रूपान्तरित भोजन कहते हैं। आनुवांशिक रूपान्तरित भोजन (Genetically Modified Food) जैसे – लाइसिन प्रचुर दालें एवं विटामिन–ए प्रचुर चावल, मनुष्य के भोजन के मुख्य संघटक बनते जा रहे हैं।

पशु क्लोनीकरण (Animal Cloning)

पादप क्लोनिंग की तुलना में पशु क्लोनिंग अधिक कठिन है परन्तु रोजलिन अनुसंधान एडिनबर्रा स्कॉटलैण्ड के डॉ. इयान विल्मुट एवं उनके साथियों ने एक मादा भेड़ के स्तन की कोशिकाएँ ली, उन्होंने इन्हें पोषण–विहीन संवर्ध माध्यम (Culture Media) में रखा ताकि इन कोशिकाओं का विभाजन रूक जाए एवं क्रियाशील जीन, कार्य करना रोक दे। स्तन कोशिका से इसके केन्द्रक (Nuclus) का पृथक्करण किया गया जबकि दूसरी अतिथेय मादा भेड़ से ली गई अंडकोशिका को केन्द्रक विहीन (Denucleated) किया गया। इसके बाद, स्तन कोशिका केन्द्रक को, केन्द्रकविहीन अंडकोशिका के साथ विद्युतीय उद्दीपन (Electrical Stimulation) द्वारा संयोजित कर दिया गया, अतः इस अंडकोशिका में माता का केन्द्रक स्थापित हो गया, बाद में जिसे अतिथेय माँ के गर्भाशय में रोपित कर दिया गया, जहाँ वह एक मेमना के जन्म के रूप में विकसित हुई और इस प्रकार माँ की आनुवांशिक प्रतिकृति डॉली (Dolly) का जन्म हुआ। इसका प्रथम केन्द्रक माँ (भेड़) की कोशिका से लिया गया था अतः आनुवांशिक रूप से यह माता भेड़ की ही प्रतिकृति है। सामान्य या परिवर्तित अंड की दाता माँ से भिन्न माँ जिसके गर्भाशय में भ्रूण रोपित किया जाता है। वह माँ स्थानापन्न माँ (Surrogate Mother) कहलाती है।

पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी Environmental Biotechnology

पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी यानि की Environmental Biotechnology जिसका उपयोग प्राकृतिक पर्यावरण का अध्ययन करने के लिए किया जाता है, यह अपशिष्ट जल के उपचार और प्रदूषण को रोकने में उपयोगी है।

पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी पारंपरिक तरीकों की तुलना में कचरे की सफाई में अधिक कुशल है। पर्यावरण को साफ करने के लिए पर्यावरण इंजीनियरों द्वारा नियोजित बायोरेमेडिएशन व्यापक अनुप्रयोग है।

यह तकनीक या तो अपशिष्ट स्थल पर मिट्टी में पोषक तत्वों को जोड़ते हैं जो बैक्टीरिया की गतिविधि को उत्तेजित करते हैं या फिर मिट्टी में नए बैक्टीरिया जोड़ते हैं जो कचरे को पचाते हैं और साइट को साफ करते हैं।

बायोरेमेडिएशन पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी का एक दिलचस्प क्षेत्र है। इसके अनुप्रयोग विशाल और विश्वसनीय है।

खाद्य सुरक्षा, कृषि, जलवायु परिवर्तन और जलवायु शमन में जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग प्रसिद्ध है। जैव प्रौद्योगिकी के औद्योगिक इंसुलिन हेक्सामर अनुप्रयोग खाद्य और कृषि व्यवसायों के लिए एक लाभदायक विकल्प हैं।

इसके अलावा, ये प्रक्रियाएँ सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुँचाया जाए। आज पर्यावरण से प्रदूषण रोकने में जैव प्रौद्योगिकी (Biotechnology) के इस शाखा का एक बड़ा योगदान माना जाता है।

जैव प्रदूषण (Bio Pollution and Pollutants)

जैव **प्रदूषण** (Bio pollution) वर्तमान वैज्ञानिक युग में जिस गति से औषधि विज्ञान में प्रगति हो रही है उसी गति मानव जीवन के लिये नये-नये खतरे विकसित होते जा रहे हैं। मानव में जहाँ | एक ओर सृजनात्मकता प्रवृत्ति पायी जाती है वहीं दूसरी ओर उसमें विनाशात्मक प्रवृत्तियाँ भी बढ़ती जा रही हैं। मानव इतना सक्षम हो गया है कि बिना गोला-बारूद या तीर-तलवार चलाये मात्र जैव प्रदूषण के माध्यम से ही लाखों व्यक्तियों को काल का ग्रास बना सकता है। जीवाणु (Bacteria), विषाणु (Virus) तथा अन्य सूक्ष्म जीवों (Microorganisms) जैसे प्लेग के पिस्सू आदि के द्वारा वायु, जल एवं खाद्य पदार्थों को प्रदूषित कर मनुष्यों को मृत्युकारित करना जैव प्रदूषण कहलाता है।"

वर्तमान में इस जैव प्रदूषण को जैव हथियार के रूप में प्रयोग किया जाने लगा है। अक्टूबर, 2001 में संयुक्त राज्य अमेरिका के समाचार-पत्र सन के फोटो सम्पादक बॉब स्टीवंस की एन्थँक्स नामक रोग से हुई मृत्यु ने जैव प्रदूषण को जैव आतंक (Bioterrorism) का स्तर प्रदान कर दिया। इसके पश्चात् न केवल अमेरिका बल्कि भारत, पाकिस्तान तथा अन्य देशों में भी एन्थैक्स जीवाणु से प्रदूषित लिफाफे लोगों के पास पहुँचने लगे तथा कई देशों के निवासी इस जैव आतंक से भयाक्रान्त हो गये। रोगाणुओं की मारक क्षमता भी अपार है। ये परमाणु बम से भी अधिक प्राणघातक है। इसीलिये जैव हथियार के रूप में भी इनका प्रयोग किया जा सकता है। एक अध्ययन के अनुसार 100 किग्रा. एन्थैक्स के जीवाणु 10 से 30 लाख लोगों को मार सकते हैं। (यदि स्थितियों जीवाणुओं के लिये अनुकूल हो)। जबकि एक मेगा टन का परमाणु कम केवल 7.5 लाख से 19 लाख लोगों को ही मार सकता है। जैव प्रदूषण के कारण जिम्बाब्वे मर्के सन् 1979 से 1985 तक 10000 मनुष्य काल कवलित हो गये थे।

जैव प्रदूषण के कारण

जैव प्रदूषण का प्रमुख कारण जीवाणुओं, विषाणुओं तथा अन्य सूक्ष्म जीवाणुओं की उत्पत्ति है। ये जीवाणु एवं विषाणु मृदा, जल और वायु सभी स्थानों पर होते हैं। पर्यावरण में जीवाणुओं की उपस्थिति को हम सभी स्वीकार करते हैं। इनमें जीवाणु, वायरस एवं कवक सम्मिलित है। जीवाणु न केवल मृदा, जल एवं वायु में वरन् खाद्य सामग्रियों एवं औषधियाँ आदि में भी पाये जाते हैं। इनमें से कुछ जीवाणु लाभदायक होते हैं तथा कुछ हानिकारक। ये हानिकारक जीवाणु ही जैव प्रदूषण के प्रमुख कारक हैं। उदाहरण के लिये पोलियो वायरस, चेचक वायरस, पीतज्वर वायरस आदि। जीवाणु आविष तथा विषाणु आविष विभिन्न प्रकार के संक्रामक रोगों हैजा, टाइफाइड, ट्यूमर, कैन्सर, फेफड़े सम्बन्धी रोग तथा कान एवं हड्डियों का संक्रमण आदि को जन्म देते हैं।

कभी-कभी जन्तु या पौधों के शरीर में कुछ ऐसे विषैले पदार्थ उत्पन्न होते हैं जो मनुष्यों में भयंकर प्रभाव उत्पन्न करते हैं। वास्तव में मनुष्यों द्वारा ये पदार्थ भूलवश उपयोग कर लिये जाते हैं। उदाहरण के लिये, खुम्बी खाने वाले को पहचान न होने के कारण विषैली बुम्बियाँ भी उपयोग में लायी जा सकती हैं। ऐसे आलू जिसमें कनिकाएँ फूट रही हों में विषैले पदार्थ उत्पन्न हो जाते हैं। अनेक मछलियाँ विषैली होती हैं जो सामान्य मछली के स्थान पर खाये जाने से विषाक्तता उत्पन्न करती हैं। अनेक सामान्य उपभोक्ता पदार्थ, जैसे- पीतल या ताँबे के बर्तनों में रखे खाद्य पदार्थ खड़े होकर विषाक्त हो सकते हैं। इस प्रकार कीटाणुनाशक, जीवाणुनाशक एवं अपतृणनाशक आदि पदार्थ भी भोजन को विषाक्त बनाते हैं। जीवाणुओं की अनेक जातियाँ भोजन की एक बड़ी मात्रा को नष्ट कर देती हैं। ये जीवाणु मृतजीवी होते हैं। अतः भोज्य पदार्थों पर ये एन्जाइम के द्वारा क्रिया करके उन्हें सड़ा-गला देते हैं। दूध का खट्टा होना तथा अनेक खाद्य पदार्थों का सहना अधिकांशतः जीवाणुओं के द्वारा ही होता है। अनेक मृतजीवी कवक भोज्य पदार्थों पर उगते हैं तथा उन्हें खराब करने के साथ-साथ विषैले पदार्थ उत्पन्न करते हैं जो अनेक प्रकार के रोगों को जन्म देते हैं।

जैव प्रदूषण के प्रभाव

जैसे उत्पन्न जीवाणु, विषाणु एवं सूक्ष्म जीव-जन्तुओं तथा वनस्पति जगत् को गंभीर रूप में प्रभावित करते हैं। जब जैव प्रदूषण को जैव हथियार के रूप में भी प्रयुक्त किया जाने लगा है। जैव प्रदूषण के माध्यम से विभिन्न घातक रोगों को फैलाया जा सकता है, जैसे- एन्थैक्स, प्लेग, पिस्सुओं आदि। एन्थैक्स मूलतः पशुओं का रोग है। इसे जहरीला बुखार भी कहते हैं। यह रोग बैसिलस एन्थेसिस नामक जीवाणु द्वारा फैलता है। प्लेग भी बैक्टीरिया जनित रोग है। इसके बैक्टीरिया का नाम है- येर्सिनिया पेस्टिस पहले यह महामारी के रूप में फैलता था तथा गाँव के गाँव इस बीमारी से समाप्त हो जाते थे परन्तु अब इसे नियन्त्रित कर लिया गया है। यह पिस्सुओं (मच्छर की तरह उड़ने वाला एक कीड़ा) द्वारा फैलता है। जब पिस्सू फोग से संक्रमिक चूहे को काटता है तो प्रंग के जीवाणु उसके शरीर में आ जाते हैं। इसके बाद जब यह मनुष्य को काटता है तो मनुष्य प्लेग से पीड़ित हो जाता है। प्लेग से पीड़ित व्यक्ति शीघ्र ही मर जाता है।

जैव प्रदूषण के बचाव के उपाय

आधुनिक वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग में जैव प्रदूषण सर्वाधिक प्रभावकारी है। द्वितीय विश्वयुद्ध में जापान ने प्लेग संक्रमिक पिस्सुओं द्वारा प्रदूषण फैलाकर चीन के कुछ क्षेत्रों में बीमारी फैला दी थी। अतः सन् 1972 में सभी प्रकार के जैव हथियारों को निषिद्ध करने के लिये जैव हथियार सभा के प्रस्तावों पर विभिन्न देशों द्वारा हस्ताक्षर किये गये। सन्

